# चंबल नदी में कूदकर छात्रा की मौत का मामला गरमाया



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 03 दिसम्बर ।** भिंड में चंबल नदी में कूदकर छात्रा पूजा कैन की मौत का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पोस्टमार्टम न होने से नाराज परिजन और आजाद समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी बुधवार दोपहर पीएम हाउस के बाहर धरने पर बैठ गए। परिजनों का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है, और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने की भी मांग की है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे पूजा कैन पुत्री अशोक कैन निवासी भिंड शहर, घर से एमजेएस कॉलेज जाने का बोलकर निकली थी। कुछ देर बाद परिजनों को सूचना मिली कि चंबल नदी में एक युवती का शव मिला है। परिजन जैसे ही मौके पर पहुंचे, फूप थाना पुलिस और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू कर शव को बाहर निकाला। जांच के दौरान नदी

## पीएम हाउस के बाहर धरना, हत्या की आशंका जताई

किनारे से पूजा का पर्स मिला, जिसमें शराब की बोतल, पानी की बोतल और कुछ अन्य सामग्री बरामद हुई। इन सामानों के मिलने के बाद मामला और संदिग्ध नजर आने लगा है। शाम करीब 4 बजे शव को पीएम हाउस भेजा गया, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। उनका आरोप है कि पूजा ने खुद नदी में छलांग नहीं लगाई, बल्कि उसकी हत्या करने के बाद शव को नदी में फेंका गया है। बुधवार दोपहर 2 बजे तक पोस्टमार्टम नहीं होने पर परिजन और आजाद समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी पीएम हाउस के बाहर धरने पर बैठ गए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक निष्पक्ष जांच की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक वे पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे। वहीं पूरे प्रकरण ने शहर में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर छात्रा के पर्स से मिली संदिग्ध सामग्री मामले को जटिल बना रही है, तो दूसरी ओर परिजनों की हत्या की आशंका ने पुलिस पर अतिरिक्त जवाबदेही बढ़ा दी है। पीएम हाउस के बाहर चल रहा धरना देर शाम तक जारी रहा, जिसके बाद प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने परिजनों से चर्चा कर स्थिति सामान्य करने की कोशिश शुरू कर दी।

> प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है। परिजनों द्वारा उठाए गए हर सवाल की जांच की जाएगी और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।
>
> **रविंद्र वास्कले, एसडीओपी, अटेर।**

# पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम में कार्यक्रम किया आयोजित



## वृद्धजनों को फल, वस्त्र, कंबल भेंट कर चरण स्पर्श कर लिया आशीर्वाद

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 03 दिसम्बर ।** स्व. भारत सिंह गुर्जर की 9वीं पुण्यतिथि पर उत्कृष्ट विद्यालय में पदस्थ शिक्षक डॉ. धीरज सिंह गुर्जर ने परिवारजनों के साथ मिलकर एक अनुकरणीय और मानवीय पहल करते हुए आनंद धाम वरिष्ठ जन सेवा केंद्र में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में वृद्धजनों का सम्मान, सेवा और उनके प्रति भावपूर्ण समर्पण झलकता दिखाई दिया। कार्यक्रम में डॉ. गुर्जर और उनके परिजनों ने वृद्धजनों को पुष्प मालाएं पहनाकर सम्मानित किया, साथ ही फल, मिष्ठान्न, वस्त्र और कंबल भेंट किए। चिकित्सक डॉ. शैलेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि वृद्धजन हमारी धरोहर हैं, हमारे संरक्षक हैं। उनका सम्मान और सेवा करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। इस संसार में माता-पिता से बड़ा कोई देवता नहीं होता। उनकी सेवा ही ईश्वर की सच्ची पूजा है। उन्होंने डॉ. धीरज सिंह के इस सामाजिक कार्य को प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर डॉ. धीरज सिंह गुर्जर के साथ सुशीला देवी, मनीष सिंह-अल्पना गुर्जर, राघव सिंह, वेदिका सिंह, समाजसेवी डॉ. शैलेन्द्र परिहार, उमेश सिंह भदौरिया, राजेश सिंह कुशवाह, डॉ. शिव प्रताप सिंह भदौरिया, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, रविंद्र सिंह भदौरिया, नरेंद्र गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष बने सुनील कांकर



**भिंड।** सुनील कांकर को पत्रकारों के हित संरक्षण और सुरक्षा से संबंधित संगठन राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक देवेन्द्र कुमार मिश्रा, संरक्षक ए पी सिंह सुप्रीम कोर्ट महाधिवक्ता, प्रदेश अध्यक्ष अमित द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित जैन, प्रदेश महासचिव भरत भूषण विश्वकर्मा के द्वारा भिंड जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# उप जेल मेहगांव में सीबीएस कैंप का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव,03दिसम्बर।** उप जेल मेहगांव में सीबीएस कैंप के द्वारा एचआईवी एवं एसटीआई की जांच की गई इसी के साथ उनको एचआईवी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई तथा एचआईवी से संबंधित जानकारी के लिए 1097 टोल फ्री नंबर के बारे में बताया गया और लिंक वर्कर परियोजना से उपस्थित परियोजना संचालक हरपाल सिंह सेंगर के द्वारा विश्व एड्स दिवस के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में एक सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें रेड विभिन्न प्रभारी गिरिजा नरवरिया लिंक वर्कर परियोजना से परियोजना संचालक हरपाल सिंह सेंगर जिला समन्वयक बृजेंद्र शर्मा संपूर्ण सुरक्षा से परियोजना प्रबंधक विकास चतुर्वेदी जी मेहगांव आईसीटीसी काउंसलर अहिवरन नरवरिया जेल इंटरवेंशन समन्वयक मोहन कुशवाहा जोनल सुपरवाइजर जितेंद्र शर्मा एवं शिव शंकर शर्मा आउटरीच वर्कर कृष्णकांत शर्मा क्लस्टर लिंक वर्कर सपना तोमर प्रोफेसर आलोक मिश्रा एवं महा विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# विश्व एड्स दिवस पर मेहगांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 03 दिसम्बर।** अंतरराष्ट्रीय विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में रेड रिबन क्लब एवं जय विद्यादेवी समिति भिण्ड के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. गिरिजा नरवरिया द्वारा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरपाल सिंह सेंगर, प्रोग्राम डायरेक्टर भिंड रहे। विशेष अतिथि के रूप में बृजेंद्र कुमार शर्मा, जिला समन्वयक अधिकारी; श्री विकास चतुर्वेदी, प्रोग्राम मैनेजर; अहिवरन सिंह नरवरिया, आईसीटीसी काउंसलर मेहगांव; मोहन सिंह कुशवाहा, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर; जितेंद्र शर्मा, सुपरवाइजर; शिवशंकर शर्मा, जोनर सुपरवाइजर; श्री कृष्णकांत शर्मा, ओआरकेआई; तथा श्रीमती सपना तोमर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में व्यवधान पर काबू पाना—एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लाना' विषय पर अतिथियों द्वारा विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। वक्ताओं ने एड्स के प्रति जागरूकता, रोकथाम, सुरक्षित व्यवहार, सामाजिक मिथकों के निवारण तथा युवाओं की भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला। रेड रिबन क्लब द्वारा छात्रों को एचआईवी, एड्स संबंधी जानकारी देने तथा समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने की अपील की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ समस्त शिक्षकीय एवं गैर-शिक्षकीय स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में डॉ आलोक मिश्रा द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और जागरूकता के ऐसे प्रयासों को निरंतर बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। फोटो मेहगांव,मेहगांव 1

# सुरक्षा को लेकर सुप्रीम इंडस्ट्रीज में कार्यक्रम,पर्यावरण बचाने ली शपथ



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 03 दिसम्बर ।** मध्य प्रदेश राज्य औद्योगिक सुरक्षा दिवस पर सुप्रीम इंडस्ट्रीज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तीनों इंडस्ट्रीज के प्रबंधक मौजूद रहे। कार्यक्रम में गैस त्रासदी के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देकर 2 मिनट का मोन धारण किया गया। इस अवसर पर कंपनी के एचआर मैनेजर बृजभान सिंह ने बताया कि औद्योगिक सुरक्षा, औद्योगिक कार्य वातावरण में श्रमिकों, मशीनरी, और पर्यावरण को खतरों से बचाने के लिए अपनाई जाने वाली सुरक्षा पद्धतियों नीतियों का पालन करना चाहिएद्य कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए सुप्रीम वॉल वॉल के एचआर मैनेजर मुकेश मेवाफरोस ने कहा कि जान है तो जहान है सभी कर्मचारी काम करते समय सुरक्षा का ध्यान रखें और सुरक्षात्मक तरीके से कार्यस्थल पर काम करें और कार्य स्तर पर हेलमेट सेफ्टी शू, ग्लव्स आदि सुरक्षा उपकरण पहनकर ही काम करें आप सभी को सुरक्षा का ध्यान रखना है अगर हम सही से सुरक्षात्मक तरीके से काम करेंगे तो दुर्घटनाएं नहीं होगी। इस अवसर पर उन्होंने सभी कर्मचारियों को सुरक्षा एवं पर्यावरण बचाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर संतोष काबरा यूनिट हेड, दिलीप करवा उप महा प्रबंधक, योगेश चौहान सुप्रीम पीपीडी, उमेश शाह प्लांट हेड सुप्रीम वॉल वाल, रोशन सिंह चौहान सेफ्टी हेड सुप्रीम वॉल बॉल आदि तीनों यूनिटों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# सूर्या रोशनी में सुरक्षा उपकरणों का प्रदर्शन कर बताए सुरक्षा के उपाय



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 03 दिसम्बर ।** भोपाल गैस त्रासदी की 41वी वर्षगाँठ पर सूर्या रोशनी लिमिटेड मालनपुर में मध्य प्रदेश राज्य औद्योगिक दिवस 2025' का विधिवत आगाज हुआ। यह कार्यक्रम 1984 के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने औद्योगिक सुरक्षा की संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट का मौन धारण कर की गई इसके बाद सभी कर्मचारियों ने सुरक्षित कार्ष-प्रणाली और आपातकालीन तैयारी की औद्योगिक सुरक्षा शपथ ली। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ग्वालियर संभाग आनंद राय सरदार उपनिदेशक और विशाल शाक्य मुख्य सहायक निदेशक , राज नारायण शर्मा अग्निशमन विभाग अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि सुरक्षा केवल निर्देशों का पालन नहीं है, बल्कि निरंतर प्रयास और कार्य संस्कृति का हिस्सा होना चाहिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सल्फर डाइऑक्साइड गैस लीक की काल्पनिक स्थिति पर आधारित एक व्यापक मॉक ड्रिल रहा । कर्मचारियों ने सल्फर डाइऑक्साइड किट BA सेट और अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग कर त्वरित प्रतिक्रिया अलार्म सिस्टम एवं निकासी मार्गों का सफल उपयोग का प्रदर्शन कियाद्य इस अवसर पर कंपनी प्रबंधन से तपन कुमार बंदोपाध्याय सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, मुकुल चतुर्वेदी जनरल मैनेजर एचआर, विवेक सरीन, वीरेंद्र दहायत, संजय सिंह कुशवाह ,पुरुषोत्तम लाल, कप्तान जीत पाल एवं अन्य फैक्ट्रियों के प्रबंधक ऋषिकेश सन फॉर्म, मुकेश शर्मा विक्रम बुलन, बृजभान सिंह एवं मुकेश मेवाफरोस सुप्रीम इंडस्टरीज आदि फैक्ट्री प्रबंधन उपस्थित रहे एवं सुरक्षा मानकों नियमित प्रशिक्षण और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई ।

## बढ़ी ठंड की सिहरन,गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 03 दिसम्बर ।** जिले में मौसम ने करवट लेते हुए ठंड ने दस्तक दे दी है। बीते दो दिनों से न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिसके चलते सुबह और शाम के समय ठिठुरन बढ़ गई है। हल्की सर्द हवा और कोहरे की हल्की चादर ने लोगों को ठंड का अहसास करवाना शुरू कर दिया है। बदलते मौसम का असर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक साफ महसूस किया जा रहा है।

सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों तक सभी अब गर्म कपड़ों का उपयोग करने लगे हैं। सड़क पर निकलने वाले लोग जैकेट, स्वेटर और शॉल ओढ़कर ही बाहर आ रहे हैं। वहीं सुबह-सुबह दूध और सब्जी खरीदने निकले लोगों की पहली प्रतिक्रिया यही रहती है कि ठंड बढ़ने लगी है। चाय-नाश्ते की दुकानों पर भीड़ बढ़ी है और गर्म चाय की चुस्कियां लोगों को कुछ देर के लिए राहत देती दिखाई दे रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान सुबह खेतों पर जाने से पहले अलाव का सहारा ले रहे हैं। रात के समय कई जगहों पर लोगों ने आग तापना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर की ओर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट हो रही है और आगामी दिनों में ठंड और बढ़ सकती है। आशंका जताई जा रही है कि अगले सप्ताह से जिले में शीतलहर जैसे हालात बन सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियाँ बरतें। बुजुर्ग, बच्चे और पहले से बीमार लोग सुबह-शाम बाहर निकलते समय गर्म कपड़े अवश्य पहनें।


# पुलेह मोड़ पर दो बाइकों की भिड़ंत, चार लोग घायल



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 03 दिसम्बर ।** ऊमरी थाना क्षेत्र के पांडरी रोड स्थित पुलेह मोड़ पर बुधवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में तीन बाइक सवार और एक पैदल जा रहा किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां ट्रॉमा वार्ड में सभी का इलाज जारी है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, पांडरी निवासी 23 वर्षीय अंकुल पुत्र सुखराम जाटव अपने ताऊ 52 वर्षीय महानपाल पुत्र रामेश्वर जाटव को लेकर बाइक से ऊमरी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे पुलेह मोड़ के पास पहुंचे, सामने से आ रहे अकोड़ा निवासी 30 वर्षीय सोनू पुत्र रामकिशन जाटव की बाइक ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थिति और गंभीर तब हो गई, जब टक्कर के प्रभाव से सोनू की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत की ओर मुड़ गई और वहां पैदल जा रहे किसान रामकिशोर पुत्र मंटू बघेल निवासी पुलावली (थाना ऊमरी) से जा भिड़ी। किसान के सिर में गंभीर चोट आई है, जिसके बाद उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया। ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए 108 एम्बुलेंस को सूचना दी और सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, चारों घायलों का उपचार ट्रॉमा वार्ड में जारी है और डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलेह मोड़ पर लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं, जिसके लिए यातायात व्यवस्था सुधारने और चेतावनी संकेत लगाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# सीएम हेल्पलाइन की समस्याओं का निराकरण करें : कलेक्टर



## समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा में दिए सख्त निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 03 दिसम्बर ।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत भिंड, डिप्टी कलेक्टर सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने समय-सीमा के अंतर्गत प्राप्त सभी विभागीय पत्रों एवं उनसे जुड़ी गतिविधियों की बारीकी से समीक्षा की तथा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय में पत्रों का निपटान सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रशासनिक कार्य सुचारु और प्रभावी रूप से संचालित हो सकें। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों पर विभागवार समीक्षा करते हुए सभी विभागों को विशेष निर्देश दिए कि 50 दिन से अधिक समय से लंबित किसी भी शिकायत को गंभीरता से लेकर तत्परता के साथ निराकृत करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के संतोषजनक समाधान से न केवल जनता की समस्याएं दूर होंगी, बल्कि जिले की समग्र ग्रेडिंग में भी सुधार आएगा। बैठक में कलेक्टर ने आगामी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रकरणों पर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग को 6 माह पहले से उन कर्मचारियों की सूची तैयार कर लेनी चाहिए जो सेवा से निवृत्त होने जा रहे हैं। साथ ही उनकी फाइलें, पेंशन प्रकरण और आवश्यक दस्तावेज समय रहते सही ढंग से तैयार किए जाएं, ताकि सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने कहा कि यह प्रक्रिया न केवल कर्मचारियों को सुविधा देगी, बल्कि प्रशासनिक सुगमता को भी बढ़ाएगी। कलेक्टर ने नगर पालिका सीएमओ को शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए शहर को साफ-सुथरा रखना नगरपालिका की जिम्मेदारी है, जिससे नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचाने के लिए उनके घरों तक जाएं। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि योजनाओं का वास्तविक लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। इससे आमजन की समस्याओं को समझने और तुरंत निराकरण करने में मदद मिलेगी। कलेक्टर ने कहा कि बेहतर कार्यप्रणाली, उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना ही जिले के विकास और जनसंतुष्टि का मार्ग है। अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी एवं समर्पण से काम करें ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुंच सके और भिंड जिले के समग्र विकास की गति तीव्र हो।

# कैलारस से सबलगढ़ तक शुरू नहीं हुई मेंमू ट्रेन



**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़ ,03दिसम्बर।** उत्तर मध्य रेलवे ग्वालियर-श्योपुर रेल्वे ट्रैक का इलेक्ट्रिक निरीक्षण पीसीईई यतेंद्र कुमार की टीम के निरीक्षण को 13 दिन निकल गए। तत्तसमय कैलारस से सबलगढ़ तक विद्युत लाइन को मेमू ट्रेन चलाने के लिए उपयुक्त पाया गया उन्होंने अपनी रिपोर्ट दो-तीन दिन में प्रस्तुत करने का कहा गया था अब रेल मंडल झांसी ने अभी तक मेमू ट्रेन चलाने की डेट तय नहीं की गई है बुधवार को शाम 5: 00 बजे सिंहल इंचार्ज अमन त्रिवेदी ब्रॉड गेज रेलवे स्टेशन सबलगढ़ पर मौजूद थे पीसीईई यतेन्द्र कुमार की टीम में 25 से 30 लोगों 21 नवंबर को निरीक्षण किया गया था जिसके दौरान उत्तर मध्य रेलवे ग्वालियर-श्योपुर रेल्वे ट्रैक पर विद्युत लाइन को मेमू ट्रेन चलाने के लिए उपयुक्त पाया गया। उन्होंने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दो-तीन दिन का समय दिया गया था।मेंमू ट्रेन को दिसंबर के प्रथम सप्ताह में चलाए जाने की संभावना जताई गई थी सबलगढ़ रेलवे स्टेशन पर मेंमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाने वाले क्षेत्रीय राजनेताओं को तिथि तय करनी थी उत्तर मध्य रेलवे ग्वालियर-श्योपुर रेल्वे ट्रैक की विद्युत लाइन का पीसीईई यतेंद्र कुमार की टीम ने इलेक्ट्रिक निरीक्षण करने अपनी रिपोर्ट रेल मंडल झांसी को सौंपेंगे कैलारस से सबलगढ़ तक विद्युत लाइन को मेमू ट्रेन चलाने के लिए उपयुक्त पाया गया इस क्षेत्र के प्रमुख नेता केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया,सांसद शिव मंगल सिंह एवं वर्तमान मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मिलकर तिथि तय करेंगे नेशनल हाईवे 552 से सबलगढ़ रेलवे स्टेशन के अंडरपास तक मार्ग का राजस्व सर्वे शुरू 50 फुट की चौड़ाई में बनेगा मार्ग नेशनल हाईवे 552 से सबलगढ़ रेलवे स्टेशन डेढ़ किलोमीटर के मार्ग में से आधा किलोमीटर रेलवे और एक किलोमीटर सड़क निर्माण के यह भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई की जा रही है

# अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान



**भिंड।** अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 भिंड की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बायपास रोड स्थित जिला नि:शक्तजन पुनर्वास केंद्र एवं स्थानीय वृद्धाश्रम आनंद धाम वरिष्ठ जन सेवा केंद्र में स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की। स्वयंसेवकों ने परिसर में फैले प्लास्टिक, पॉलिथीन, कचरा, झाड़-झंखाड़ को हटाया और स्वच्छता ही सेवा का संदेश देते हुए लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समाजसेवियों ने एनएसएस टीम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल वातावरण को सुंदर बनाए रखने का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और मानवता का प्रतीक भी है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धीरज सिंह गुर्जर ने बताया कि हर वर्ष 3 दिसंबर को विश्व विकलांगता दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी चिकित्सक डॉ. शैलेंद्र परिहार, मनीष सिंह कुशवाह, कौशलेंद्र प्रताप सिंह 'कौशल', सेवा भारती के उमेश सिंह भदौरिया, राजेश सिंह कुशवाह, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. शिव प्रताप सिंह भदौरिया, स्वास्थ्य अधिकारी रविंद्र सिंह भदौरिया और नरेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे। अभियान में एनएसएस स्वयंसेवक नृपेंद्र गौतम, नीतेश, विष्णु सिंह। सभी ने मिलकर परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में योगदान दिया।